# पाठ 2

# कोई देता अंडे, कोई देता बच्चे



नीतू और नीशू की परीक्षा हो चुकी थी। दोनों बहनें छुट्टियों का मज़ा ले रही थीं। एक दिन दोपहर में दोनों अपने कमरे में लेटी हुई थीं।

नीशू बोली— दीदी, देखो न, वे दो गौरैया तिनके चुन रही हैं और इन्हें डाली पर इकट्ठा कर रही हैं।

नीतू— हाँ, ये अपना घोंसला बना रही हैं। फिर ये घोंसले में अंडे देंगी। अंडों से उनके बच्चे निकलेंगे।

नीशू अंडे देखने को बहुत उत्सुक थी। गर्मी बढ़ने लगी। उन्होंनें झरोखे पर पानी रख दिया। कुछ दिनों बाद गौरैया ने तीन छोटे और उजले अंडे दिए। नीशू ज़ोर से चिल्लाई—दीदी! दीदी! घोंसले में अंडे आ गए।



नीतू बोली— गलती से भी अंडों को छूना नहीं। नहीं तो अंडों से बच्चे नहीं निकलेंगे।

कुछ दिनों बाद उस घोंसले से चीं—चीं की आवाज़ आने लगी। नीशू ने घोंसले में झाँका तो खुशी के मारे झूम उठी। अंडों से तीन छोटी—छोटी गौरैया जो निकली थीं।

**बताइए—**

1. (i) कौन—कौन से जीव—जन्तु अंडे देते हैं?

______________________________________________________

______________________________________________________

______________________________________________________

(ii) क्या अंडों से बच्चे तुरंत निकल आते हैं? यदि कुछ दिनों के बाद निकलते हैं तो इस बीच अंडों के साथ उनकी माँ क्या करती है?

___________________________________________________


___________________________________________________

(iii) कुछ जीव–जन्तु एक बार में एक और कुछ एक बार में एक से अधिक अंडे देते हैं। इनके बारे में पता करके नीचे की सारणी में लिखिए।

| क्र. सं. | एक बार में एक अंडा देनेवाले जीव | एक बार में अनेक अंडे देनेवाले जीव |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |


नीचे बने चित्र देखकर बताइए कि क्या ये जीव भी अंडे देते हैं ?

___________________________________________________









2. (i) पिछले पृष्ठ पर बने चित्रों में क्या समानता है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(ii) कुछ जीव अंडे न देकर सीधे बच्चों को जन्म देते हैं। आपने अपने आस–पास ऐसे बहुत से जीव–जन्तु और उनके बच्चों को देखा होगा। उनके नाम लिखिए।

_______________________________________________

_______________________________________________

(iii) अलग–अलग जीव–जन्तुओं के बच्चों को हम अलग–अलग नामों से बुलाते हैं। नीचे कुछ जीव–जन्तुओं के नाम दिए गए हैं। उनके सामने उनके बच्चों के नाम लिखिए।

| जीव–जंतु का नाम | बच्चे का नाम | जीव–जंतु का नाम | बच्चे का नाम |
|---|---|---|---|
| गाय | बछड़ा | बकरी | |
| भैंस | | मनुष्य | |
| कुत्ता | | सुअर | |
| भेंड़ | | शेर | |

(iv) इन जीवों में से कुछ एक बार में एक बच्चे को ही जन्म देते हैं और कुछ एक से अधिक। अब इस सारणी को पूरा कीजिए।

| क्र.सं. | एक बार में एक बच्चे देनेवाले जीव | एक बार में एक से अधिक बच्चे देनेवाले जीव |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |

3. आपने अपने घर में या आस–पास बहुत से जीवों के नवजात बच्चों को देखा होगा। ऐसे जीवों के नाम लिखिए जो पैदा होते ही–

(i) चलने लगते हैं ————————————————————

(ii) नहीं चलते हैं ————————————————————

(iii) जिनके मुँह में शुरू से दाँत होते हैं

————————————————————————————

(iv) जिनके मुँह में शुरू से दाँत नहीं होते हैं

————————————————————————————

4. क्या जानवर अपने बच्चों की देखभाल करते हैं? किन्हीं दो जानवरों को ध्यान से देखिए। वे अपने बच्चों की देखभाल कैसे करते हैं? लिखिए।

————————————————————————————

————————————————————————————

————————————————————————————

5. इस वर्ग में कुछ अंडे और कुछ बच्चे देनेवाले जीवों के नाम छिपे हैं। उन्हें खोजिए और लिखिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | तु | र | मु | र्ग | ऊँ | क |
| च | म | गा | द | ड | ट | छु |
| छि | बं | गि | ल | ह | री | आ |
| प | द | डा | य | ना | सो | र |
| कि | र | डॉ | कं | म | च्छ | र |
| ली | हा | ल्फि | गा | ति | ब | म |
| जूँ | थी | न | रु | त | क | छ |
| अ | ज | ग | र | ली | री | ली |

| **बच्चे देनेवाले जीव** | **अंडे देनेवाले जीव** |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

(शिक्षक बच्चे देनेवाले जीवों को लाल एवं अंडे देनेवाले जीवों को हरे रंग से रँगने की गतिविधि भी करवा सकते हैं।)

**कभी–कभी कुछ इंसानों के बच्चे नहीं होते हैं। जब इंसानों के बच्चे नहीं होते हैं, तो वे बच्चों को गोद ले सकते हैं। कुछ संस्थाएँ कानूनी तौर पर यह मदद करती हैं।**

6. नीचे लिखी कविता को पढ़िए। कविता के आधार पर पृष्ठ पर दी गई खाली जगह में चित्र बनाइए।

## हँसते–खेलते बच्चे

मुर्गी–बत्तख अंडा देते,
गाय–बकरी देते बच्चे,
ये बच्चे परिवार में,
देखो लगते कितने अच्छे।
कुतिया हमको पिल्ले देती,
सुअर देता छौना,
साँप छिपकली अंडे देते,
बिल हो चाहे कोना।
व्हेल–डॉल्फिन के बच्चे,
पानी में हैं दौड़ लगाते,
चमगादड़ के बच्चे उड़कर
अंधेरे में भी धूम मचाते।
मगर–घड़ियाल अपने अंडे,
गड्ढे खोद छिपाते हैं,
कछुए जब देते हैं अंडे
बालू का घर बनाते हैं।